ESTD : 1954
दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन
मासिक
# समाचार पत्रिका
संपादक : एच. एल. खन्ना     केवल सदस्यों के लिए निःशुल्क वितरण हेतु     अंकः फरवरी से जून 2020

# ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित आर्य अनाथालय में मनाया गया प्रिंटर्स डे




जोहान्स गुटेनबर्ग की स्मृति को संरक्षित करने के लिए, जिन्होंने छः शताब्दियों पहले मुद्रण की कला का आविष्कार किया था और जिन्हें मुद्रण कला का जनक माना जाता है, दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन समाज के वंचित वर्ग के लिए विभिन्न प्रकार के परोपकारी आयोजन करके 2004 से हर साल प्रिंटर्स दिवस मना रहा है। डीपीए द्वारा इस वर्ष 25 फरवरी को प्रिंटर्स दिवस दक्षिण दिल्ली के प्रसिद्ध अनाथालय में मनाया गया, जिसे छात्रावास चंद्र आर्य विद्या मंदिर कहा जाता है, जिसमें लगभग 500 छात्राओं और कर्मचारियों को मध्याह्न भोजन परोसा गया। प्रिंटर्स दिवस मनाने के लिए डीपीए के कुछ सदस्य और कार्यकारी समिति के सदस्य एक संक्षिप्त समारोह के लिए वहां इकट्ठे हुए थे।



DELHI PRINTERS' ASSOCIATION
ESTD : 1954

President
**Mr. Mahinder Budhiraja**
9312241788

Imm. Former President
**Mr. Rajesh Sardana**
98100-31996

Vice-Presidents
**Mr. Ashok Kumar Nandra**
9250055555

**Mr. Prakash Dass**
9818724948

**Mr. Puneet Talwar**
9811081291

Hon. General Secretary
**Mr. Kewal Krishan Singhal**
9811115945

Joint-Secretaries
**Mr. Prashant Aggarwal**
9971214455

**Mr. Sandeep Aggarwal**
9811040044

Treasurer
**Mr. Meghraj Bhati**
9810352633

Executive Members
Mr. Ajay Sharma
Mr. Ashish Verma
Mr. Ashok Aggarwal
Mr. Atul Goel
Mr. D.K. Vohra
Mr. Deepak Bhatia
Mr. M. N. Pandey
Mr. P.K. Chauhan
Mr. Puneet Bajaj
Mr. Raghu Nandan Sharma
Mr. Rakesh Malik
Mr. S.S. Lunkar
Mr. Sanjay Sharma
Mr. Shiv Mittal
Mr. Simranjot Singh Bhatia
Mr. Sunil Jain
Mr. Vijay Goel
Mr. Vijay Jain
Mr. Vikas Gaur
Mr. Vivek Jain

Executive Secretary
**H.L. Khanna**
9958043222

**Delhi Printers' Association**
Flat No. 26A,
Shanker Market,
New Delhi-110001
Tel. : 011-23414415
Telefax : 011-23412574
Email : delhiprinter@hotmail.com
delhiprintersassociation@gmail.com

# आवश्यक सूचना

18 मार्च, 2020 के एक सर्कुलर के माध्यम से, दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन ने सदस्यों को सूचित किया था कि वर्ष 2020–2021 के लिए पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के सर्वसम्मत चुनाव के परिणामस्वरूप, श्री केवल कृष्ण सिंघल अध्यक्ष और श्री मेघराज भाटी मानद महासचिव के रूप में चुने गए हैं। हालांकि, कोविद –19 महामारी के कारण, डीपीए की वार्षिक आम बैठक 28 मार्च, 2020 को सम्पन्न नहीं की जा सकी और चुनाव परिणाम की औपचारिक घोषणा के साथ–साथ एजीएम में नव–निर्वाचित टीम ने भी पद ग्रहण नहीं किया। आशा है कि दिल्ली में स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी और जब एजीएम की औपचारिकता पूरी हो जाएगी,उस समय तक वर्तमान टीम, अध्यक्ष के रूप में श्री महिंदर बुद्धिराजा और मानद महासचिव के रूप में श्री केवल कृष्ण सिंघल कार्य करते रहेंगे।

## दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन का WhatsApp Number

पिछले कुछ समय से सदस्यों ने देखा होगा कि डीपीए द्वारा सदस्यों को आवश्यक तथा महत्वपूर्ण जानकारी एवं सूचनाएं न केवल पत्रिका में छापकर तथा ई-मेल द्वारा भेजी जा रही हैं, अपितु **WhatsApp** के माध्यम से भी लगातार समय-समय पर भेजी जा रही हैं। अत: सदस्यों से अनुरोध हे कि वे डी.पी.ए. का **WhatsApp नम्बर 9971371109** अपने मोबाइल में सेव कर लें। यदि कोई सदस्य डीपीए को कोई सुझाव तथा सूचना देना चाहता है तो वह इसी नम्बर के द्वारा भेज सकता है।

## वर्ष 2020–2021 के वार्षिक शुल्क के लिए सदस्यों से अनुरोध

जिन सदस्यों ने अपना वर्ष 2020–2021 का वार्षिक शुल्क अभी तक नहीं भेजा है उन्हें याद दिलाया जा रहा है कि अपना शुल्क स्वयं/कोरियर/डाक द्वारा शीघ्रअतिशीघ्र भेजने की कृपा करें। कुछ सदस्य ऐसे भी हैं जिनका वार्षिक शुल्क 2019–2020 का भी नहीं आया है, उन्हें फिर याद दिलाया जाता है कि लगातार दो वर्ष तक वार्षिक शुल्क न आने पर एसोसिएशन की सदस्यता स्वयं समाप्त हो जाती है।

यदि आप वार्षिक चंदा बैंक में सीधे जमा करना चाहते हैं तो संस्था के निम्नलिखित दो बैंक खातों में से किसी में भी जमा करवा सकते हैं तथा जमा करने के बाद संस्था को सूचित कर दें। बैंक का विवरण इस प्रकार है:

Delhi Printers' Association
Saving A/c No. 90042010031370
IFSC Code-SYNB0009004
Bank Name - Syndicate Bank

Delhi Printers' Association
OD A/C No. 0022414008455
IFSC Code-HDFC0CTJCBL
Bank Name-The Janata Co-Operative Bank Ltd.

## NEW WEBSITE OF DELHI PRINTERS' ASSOCIATION

DPA has launched its revamped website recently. Please explore the updated website. We would be grateful for any feedback about further improvement.
Explore at: www.delhiprintersassociation.org

Printing, Processing, Binding by
Aravali Printers & Publishers (P.) Ltd.
ISO 9001 : 2015 Certified Unit
W-30, OKHLA INDUSTRIAL AREA, PHASE - II,NEW DELHI - 110020 (INDIA)
PHONES : +91 11 47173300, 9810877677 FAX : +91 11 26388829 Website : www.aravaliprinters.com, E-mail: aravaliprinters@gmail.com,
24Hrs Round the Clock printing shifts.
High quality Printing of Catalogues * Books * Magazines * Calendars * Planners
We have Full inhouse Pre-press, Press, Binding infrastructure.
We also deals in : Copier & Printing Paper Diaries & Stationery Items.

# अध्यक्ष की कलम से



यद्यपि चीन में कोरोनावायरस पिछले दिसम्बर में आ चुका था किन्तु विश्व के अन्य देशों में पैर पसारते हुए यह घातक संक्रमण मार्च में भारत में भी आ गया। लॉकडाउन लगने के कारण इस मासिक पत्रिका की छपाई रूकी रही और सदस्यों से सम्पर्क नहीं हो पाया। फिर भी आवश्यक सूचनाएँ हम सदस्यों को मेल एवं वहाट्सऐप द्वारा देते रहे हैं।

फ़रवरी माह दिल्ली की आम जनता, व्यापार-उद्योग तथा राजनीति क्षेत्रों में काफ़ी उथल-पुथल मचाने वाला रहा। पहले तो नौ फरवरी को दिल्ली विधान सभा के चुनावों की गहमा-गहमी रही फिर अमरीका के राष्ट्रपति के भारत दौरे पर 24 फरवरी को एक सुनियोजित षडयन्त्र के अंतर्गत कुछ दंगाइयों ने पत्थरबाज़ी, आगजनी व निर्दोष लोगों की हत्या करके पूरे शहर को झुलसा दिया। स्थिति में सुधार होने के आसार दिखने लगे थे तभी कोरोनावायरस का निरन्तर बढ़ता कहर छाने लगा। अन्य देशों की भाँति भारत की अर्थव्यवस्था की चूले ढीली पड़ने लगीं। सम्पूर्ण विश्व में उद्योग-व्यापार की स्थिति में आवश्यक बदलाव होने लगे।

मुद्रण उद्योग की बात करें तो दुनिया की छपाई तथा सम्बद्ध मशीनरी की सबसे बड़ी "द्रूपा" प्रदर्शनी जो जर्मनी में जून 2020 में लगनी थी उसके आयोजन की तिथि को स्थगित कर अब अप्रैल 20 से 28, 2021 कर दिया गया है। इसी प्रकार कई अन्य प्रदर्शनियों एवं आयोजनों को या तो स्थगित किया गया या पूर्णरूप से रद्द कर दिया गया है। वैकल्पिक रूप से अब विभिन्न 'वैबिनार' आयोजित कर समस्याएँ चर्चित करके उनके समाधान तथा सुझाव लाइव ऑनलाइन लिए जा रहे हैं। बढ़ती आबादी, अक्सर होने वाले आतंकी हमलों, प्राकृतिक एवं अन्य आपदाओं से ग्रसित होते हुए भी विशाल भारत के देशवासियों के कष्ट सहन कर साहस के साथ उनका मुकाबला कर सकने के लचीलेपन की जितनी सराहना की जाए कम है। सरकार द्वारा दिए गये दिशानिर्देशों के अंतर्गत् देशवासियों की सेवा में निःस्वार्थ लगे समाज सेवियों, स्वच्छता, सुरक्षा, चिकित्सा कर्मियों तथा अन्य कोरोना योद्धाओं की भक्ति व दृढ़ संकल्प को हमारा सलाम। मुद्रक भाइयों की मेहनत, दृढ़ विश्वास तथा सरकारी सहायता के साथ हमारा उद्योग शीघ्र ही पिछली ऊँचाइयों को पार कर लेगा। स्वस्थ रहें सुरक्षित रहें !

–महिन्द्र बुद्धिराजा, अध्यक्ष

# महासचिव की कलम से



पिछले चार माह से भारत समेत लगभग पूरे विश्व में कोरोनावायरस अथवा कोविड-19 के विनाशकारी प्रभाव के विषय में हम सभी को पूरी जानकारी है। इस अदृष्य वायरस का कहर इतना गम्भीर हो रहा है कि सरकार को इसे फैलने से रोकने के लिए पूरे देश में सम्पूर्ण लॉकडाउन लगाना पड़ा। किन्तु जनजीवन करीब-करीब ठप होने का दुष्प्रभाव आम जनता पर ही नहीं पड़ा बल्कि व्यापार, व्यवसाय, उद्योग, आयात-निर्यात आदि बन्द होने के कारण देश की अर्थव्यवस्था की जड़े हिल गयीं।

अब धीरे-धीरे लॉकडाउन में ढील दी जा रही है ताकि आम जन जीवन, व्यापार, अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर लाई जा सके। जान है तो जहान है के अंतर्गत लोगों ने घर में बन्द रह कर तथा सरकारी एवं प्राइवेट दफ़्तरों ने जितना हो सका घर से ही काम किया। व्यवसाइयों और उद्योगपतियों ने कारखाने व कार्यशालाएँ बन्द रहने के दौरान परिवार के साथ रहते हुए भी भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए हर सम्भव प्रयत्न किया कि इस विषम परिस्थिति से कैसे पार पाया जा सके। 'ज़ूम' एप पर आए दिन होने वाले ऑन लाइन वैबिनार पर रजिस्टर करके विभिन्न टेक्नाक्रैट स्पीकरों के दुर्लभ ज्ञानपूर्ण विचारों को सुना तथा अपने स्किल को डेवलप करने का यत्न किया। आयात द्वारा आवश्यक मशीनों एवं स्पेयर पार्ट न मिल पाने की परिस्थिति में 'मेक इन इंडिया' आवाह्न के अंतर्गत् आविश्कार करके दूसरे विकल्प खोजे। साथ ही प्रदूषण न हो इसलिए ईको फ्रैंडली उत्पादनों के प्रयोग को बढ़ावा दिया।

मुद्रण संस्थान खोलने की स्वीकृति तो मिल गयी किन्तु भाँति-भाँति की कठिन चुनौतियाँ पेश आ रही हैं। पिछले आर्डर कैन्सल हो रहे हैं, पिछली उगाही हो नहीं रही है, गाँव वापिस चले जाने के कारण आवश्यक कर्मचारी मिल नहीं रहे हैं और बिना पेमेन्ट माल खरीदना कठिन हो गया है। समस्याएँ बढ़ रही हैं। यद्यपि सरकार आर्थिक सहायता का आश्वासन दे रही है, किन्तु लाभ पाने में समय लग रहा है। इस दौरान मुद्रकों को अपनी मशीनों व ईकाइयों को साफ़ कराकर समुचित रख रखाव करके प्राप्त साधनों का अधिकतम उपयोग करना चाहिए।

लॉकडाउन पीरियड में दिल्ली प्रिन्टर्स एसोसिएशन चुप नहीं बैठी रही है। डीएसआईआईडीसी को ज्ञापन देकर अलाट किए गये प्लाटों का कब्जा लेने व लीज करवा लेने की अंतिम तिथि 31.3.2020 से 30.9.2020 तक बढ़ा देने के लिए लिखा। अकेले तथा आल इंडिया फ़ेडेरेशन के साथ मिलकर कर्मचारियों के वेतन पेमेन्ट लेबर ला, आर्थिक नुकसान की भरपाई कर पाने के उपाय खोजने, आदि के लिए सरकार के द्वार पर लगातार गुहार लगाते रहे हैं। इन सबकी जानकारी भी हम सदस्यों को मेल एवं व्हाटस ऐप द्वारा देते रहे हैं। हमें पूर्ण आशा है कि सदस्य स्वयं प्रयत्न करने के साथ हमें अपने बहुमूल्य सुझाव देते रहेंगे ताकि हमारा व्यवसाय शीघ्र ही पहले जैसा हो तथा और अधिक उन्नत हो जाए।

–केवल कृष्ण सिंघल, egklfpo


ARE PAPER SOURCING WOES WEIGHING YOU DOWN?

NEED BULK SUPPLY ON SHORT NOTICE?

HI'S & LOW'S AFFECTING PRODUCTIVITY?

NOT SATISFIED WITH QUALITY?

TIRED OF DELAYS?

FEELING CHEATED / BULLIED ON COST?

Regd.office :- Plot No.906-912,1st Floor Maharaja Agarsen Market, Chota Chhipiwara, Chawri Bazar, Delhi-110006

Noida Office :- C-18, 3rd Floor Sec-2, Noida-201301

Contact No. :- +91 120 4277662, +91 9870108009

VRINDA PAPERS PVT. LTD.

Complete Paper Solutions

# प्रिंटर्स दिवस की झलकियां










छात्रावास चंद्र आर्य विद्या मंदिर और इसकी दरियागंज शाखा जिसे आर्य अनाथालय के रूप में जाना जाता है, प्रसिद्ध चंद्रावती चौधरी स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाता है, जिसे आर्य समाज की अवधारणा का प्रचार करने के लिए दिल्ली के प्रथम उप महापौर श्री देस राज चौधरी ने शुरू किया था। उनके बाद उनके बेटे पदमश्री वीरेश प्रताप चौधरी द्वारा संचालित किया गया था, जो सुप्रीम कोर्ट में एक वरिष्ठ वकील थे और जो समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के मसीहा के रूप में प्रसिद्ध थे। अब ट्रस्ट को उनके पुत्र और वर्तमान सचिव श्री नितिंजय चौधरी द्वारा सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है, जो न केवल एक तेज और होनहार अधिवक्ता हैं, बल्कि वे डीपीए को अपनी सहायता और सहयोग देने के लिए भी हमेशा उपलब्ध हैं। जैसे ही स्कूल दोपहर 2.00 बजे बंद हुआ, छात्राओं को मिड–डे मील के लिए एक बड़े डाइनिंग हॉल में बैठा दिया गया। कार्यकारी समिति और डीपीए के कुछ सदस्य भोजन परोसने के लिए आगे आये जिन्हें अनाथालय के कर्मचारियों द्वारा सक्रिय सहयोग मिला। इस दिन को श्री नितिंजय चौधरी के जन्मदिन के रूप में भी मनाया गया, उन्हें डीपीए की तरफ से गुलदस्ता और एक सुन्दर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बाद में, इन सभी व्यक्तियों ने स्कूल के कर्मचारियों के साथ दोपहर का भोजन किया। डीपीए के कार्यकारिणी के सदस्य श्री विजय गोयल ने छात्राओं सहित सभी व्यक्तियों के लिए टेट्रा–पैक कोल्ड ड्रिंक का प्रबंध किया था।

PRINT TECH INDIA
PRINT TECH INDIA
8/1A/4, Site 4, Sahibabad, Ghaziabad (U.P.)
Google Maps Location : https://goo.gi/maps/3pcYD2Lmmpx
M.: 9899572510, 9555884221
printtechindia@hotmail.com, www.bharatprintingagency.com

BPA Bharat Printing Agency
Authorised Dealer :
HUBERGROUP INDIA PVT LTD TECHNOVA IMAGING SYSTEM PVT LTD
MACHINERY SPARE PARTS MATCHING CENTER HOT MELT GLUE
1449/73, Durga Puri Main, 100 Feet Road, Shahdara,
Delhi-110093 (INDIA) Ph.: 011-22131169
E-mail : sharmamanoj70@gmail.com

VLF CTCP SIZE : 56x76
HEIDELBERG KOMORI
MODERN PROCESS STUDIO
8/1A/4, Site 4, Sahibabad, Ghaziabad (U.P.)
E-mail : onlinectcp@gmail.com Ph.: 0120-4272183
MITSUBISHI KBA AKIYAMA
VLF CTCP SIZE : 56x76

# अवसर

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं




Mr. Gajender Singh, Former President of DPA and owner of Jugnu Offset, on Feb. 2




Mr. Arvind Kr.Gupta, Former President of DPA and owner of Print Land on February 4





Mr. V. K. Kanwar, former President of DPA and owner of Tijarti Press on February 7




Mr. D. K. Vohra, EC Member of DPA and owner of Panchal Press on March 31




Mr. Kewal Krishan Singhal, Hon. General Secretary of DPA and owner of Santosh Offset on April 3




Mr. Rajesh Sardana, Immediate former President of DPA and owner of Cambridge Press on April 4




Mr. Gulshan Marwah, former President of DPA and owner of Shri Balaji Offset on April 8




Mr. Harshdeep Malhotra, Former President of DPA and owner of Deep Enterprises on April 24




Mr. Atindra Jain, Former President of DPA and owner of Opal Offset on May 15




Mr. Ashish Verma, EC Member of DPA and owner of Bharat Offset Works on May 19





Mr. Puneet Talwar, Vice-President of DPA and owner of Impact on May 21




Mr. Vivek Jain, EC member of DPA and owner of Printers Convertors Corporation on June 6,





Mr. Puneet Bajaj, EC member of DPA and owner of Creative Concept & Solutions on June 6




Arun Berry, Former President of DPA and owner of Berry Art Press on June 15




Mr. Ashok Aggarwal, EC member of DPA and owner of Nutan Printers on June 21




Mr. Subhash Kohli, Former President of DPA and onwer of Shri Avtar Printing Press on June 22




Mr.Simranjot Singh Bhatia, EC member of DPA and owner of G.S.Bhatia Box Factory on June 22

Optimum

Rajesh Kumar
9899151054

OPTIMUM RUBBER ROLLERS

CB-225, Ring Road, Naraina, New Delhi-110 028
Phone 9899151055 • E-mail: optimumrubberrollers@gmail.com

Deals in Printing (Offset & Industrial) Rubber Rollers/U.V. Combo Roller/ P.U. Coating/Rilsan Coating/S.S.Coating etc.

Available:

Ready Stock, Under Exchange for
All Common Offset Machines such as
Dominant/Poly/Heidelberg (MOB/SORS/SORD/SORM/SORK/SM-72/ SM-102/SM-74) & others

# DRUPA 2020 Postponed

Due to the prevailing global Covid-19 pandemic, world's largest exhibition of Printing and Allied Machinery- DRUPA- which was due to be held on June 16 to 26, 2020, has now been postponed to April 20 to 28, 2021.

The organisers of this mega event confirm that intending visitors to DRUPA, who have bought entry tickets for 1 day, 3 days or 5 days, by using voucher codes available with Delhi Printers' Association, can use the same entry tickets for the 2021 show. For further details, if any, members can contact DPA office at 011-23414415 or 9971371109.

drupa
no. 1 for printing technologies

## स्मृति शेष

सम्राट प्रिंटर्स एंड बाइंडर्स के श्री योगेश अरोड़ा के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## स्मृति शेष

डीपीए की कार्यकारी समिति के पूर्व सदस्य और प्रिंट आर्ट्स के श्री बी. के. माथुर के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## स्मृति शेष

सिद्धार्थ प्रिंटर्स के श्री अनिल मल्होत्रा के पिता जी श्री सुन्दर दास मल्होत्रा के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## स्मृति शेष

एलायड ट्रेडर्स के श्री सतीश ढल्ला के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## स्मृति शेष

अरावली प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स के श्री विजय गोयल की आंटी श्रीमती कमलेश गोयल के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## स्मृति शेष

बिट्टू बुक बाइंडिंग हाउस के श्री विपिन गोयल के पिताजी श्री किशन लाल के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## स्मृति शेष

दीपक प्रिंटर्स के श्री वेद प्रकाश शर्मा के पिताजी श्री बलराम शर्मा के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## स्मृति शेष

जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में एलएसी पर शहीद हुए भारतीय सैनिकों के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

Supena
AMAR SUPENA ENGINEERS



Our Product Range :
- UV Roller attachments
- Silk screen Exposure
- Laminated roll separator (sheeter)
- Metal Halide Lamps for exposures
- Wuhan UV LED interdeck systems
- Stripping machine after die cutting (blanking machine)
- Roller coater Off-line
- Plate baking ovens for CTP
- UV curing system for silk screen
- Teflon belts for UV curing systems
- Mercury Vapor Lamps & Interdeck systems



Works:
Pecket E-195, Sector-2,
Bawana Industrial Area,
New Delhi-110039

Contact : +91-9811352676, E-mail : amarsupena@gmail.com

Office :
1449/18, Durga Puri,
Loni Road, Delhi-110093

**महामारी**

# कोरोना वायरस का दुनिया भर में कहर

कोविड–19 की महामारी ने ब्रिटेन के शाही घराने से लेकर भारत में ठेले पर सब्जी बेचने वाले तक को अपना शिकार बनाया है. जिस पर भी इसका दांव चला उसी को लपेटे में ले लिया. लोग कहते हैं कि कोरोना वायरस किसी की जाति, धर्म या लिंग देखकर थोड़ी वार करता है. लेकिन, अब तक के आंकड़े इस दावे को गलत ठहरा रहे हैं. नया कोरोना वायरस अपना शिकार बनाने में भेदभाव कर रहा है. कोविड–19 की महामारी मर्दों और औरतों पर अलग–अलग तरह से प्रभाव डाल रही है. इस वायरस का पुरुषों और महिलाओं की सेहत ही नहीं, बल्कि माली हालत पर भी अलग अलग असर दिख रहा है.

कोविड–19 की मृत्यु दर देखकर ही अंदाजा हो जाएगा कि ये वायरस लिंग भेद कर रहा है. मिसाल के लिए अमेरिका में कोविड–19 से मरने वाली महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या दो गुना है. इसी तरह पूरे पश्चिमी यूरोप में कोविड–19 से मरने वाले 69 फीसद सिर्फ पुरुष हैं. चीन या कोरोना का प्रकोप झेलने वाले अन्य किसी देश में भी यही स्थिति है।

कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या का ब्यौरा रखने वाली रिसर्चरों की टीम इसकी वजह तलाशने में जुटी है. हालांकि अभी तक कोई सटीक कारण सामने नहीं आ सका है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर फिलिप गोल्डर कहते हैं कि महिलाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता पुरुषों की तुलना में बेहतर होती है. किसी भी वायरस को सक्रिय होने के लिए खासतौर से कोरोना वायरस के लिए जिस प्रोटीन की आवश्यकता होती है वो 'एक्स क्रोमोसोम' में होता है. महिलाओं में 'एक्स क्रोमोसोम' दो होते हैं, जबकि पुरुषों में एक होता है. इसीलिए महिलाओं में किसी भी वायरस का प्रकोप झेलने की क्षमता ज्यादा होती है।

वायरस के पुरुषों को ज्यादा शिकार बनाने की एक वजह, जिंदगी जीने का सलीका हो सकती है. मतलब ये कि जो लोग गुटखा, तम्बाकू या सिगरेट का सेवन करते हैं उनमें किसी भी बीमारी के पनपने की संभावना ज्यादा होती है. सिगरेट पीने वालों के लिए तो किसी भी तरह के संक्रमण का शिकार होना बहुत ही आसान है. महिलाओं की तुलना में पुरुष सिगरेट ज्यादा पीते हैं. चीन में 50 फीसद मर्द सिगरेट पीते हैं. जबकि ऐसा करने




वाली महिलाएं केवल पांच प्रतिशत हैं. फिलहाल महामारी के दौर में इस दावे के पक्ष में कोई सबूत नहीं है. लिहाजा इस दावे पर अभी मुहर नहीं लगाई जा सकती।

फिलहाल बहुत सी कंपनियां वर्क फ्रॉम होम के फॉर्मूले पर काम कर रही हैं. टेलीकॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तमाम तरह की मीटिंग निपटाई जा रही हैं. अमरीका में अकेले मार्च महीने में टेली कॉन्फ्रेंसिंग में 200 फीसद का इजाफा दर्ज किया गया है. माहौल ठीक होने के बाद भी अकेले मां या पिता के लिए इस सेवा को बहाल रखा जा सकता है ताकि घर और परिवार दोनों की जिम्मेदारी निभाई जा सके. महिलाओं को इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा. अमरीका में बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी 60 फीसद महिलाएं ही उठाती हैं. अगर पत्नी डॉक्टर है और पति ऑफिस जॉब में है तो पति वर्क फ्रॉम होम कर सकते हैं और घर पर बच्चें को भी संभाल सकते हैं।

बहरहाल अभी सारी दुनिया के लिए मुश्किल घड़ी है. ये भी एक एक दौर है, गुजर जाएगा। और हम सभी को सोच–समझकर, संयम रखकर ही इस मुश्किल को हल करना है. लेकिन ये कहना सही नहीं है कि वायरस किसी तरह का भेदभाव कर रहा है. दरअसल हमारे समाज का ताना बाना ही कुछ इस तरह बुना गया है कि उसमें महिलाएं ही हर परेशानी का सबसे ज्यादा सामना करती हैं।

JR INTERNATIONAL
IMPORTERS, INDENTORS & STOCKIST
BOOK BINDING MATERIAL | GREY BOARD
PAPER & BOARD | JELLY GLUE | CORNER TAPE
Call us : +91 9810090933 | Email : jr.international09@gmail.com